इंटेक यंग हैरिटेज क्लब द्वारा संभाषण प्रतियोगिता का आयोजन

अग्रवाल महाविद्यालय, बल्लबगढ़ के संभाग प्रथम के सभागार में दिनाँक 6 अप्रैल, 2017 को इतिहास विभाग के इंटेक यंग हैरिटेज क्लब द्वारा एक संभाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें इंटेक यंग हैरिटेज क्लब के 13 विद्यार्थियों ने भाग लिया जिन्होंने विभिन्न एतिहासिक विषयों पर अपनी प्रस्तुती दीं । इसमें प्रथम स्थान कविता बी.ए. तृतीय वर्ष जिसने शहीद चन्द्रशेखर आज़ाद पर अपने विचार रखे, द्वितीय स्थान पर साधना बी.ए. तृतीय वर्ष रहीं जिन्होंने डॉ. बी.आर.अम्बेडकर पर अपने विचार व्यक्त किए और तृतीय स्थान प्राप्त किया वन्दना बी.ए. तृतीय वर्ष ने जिन्होंने शहीद भगत सिंह पर अपनी प्रस्तुति दी । इसके अतिरिक्त सान्तवना पुरस्कार ज्योति शर्मा बी.ए. द्वितीय वर्ष और निधी वषिष्ठ बी.ए. द्वितीय वर्ष को दिया गया प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि इंटेक चैप्टर, फरीदाबाद के संयोजक आनन्द मेहता जी थे जबकि कार्यक्रमाध्यक्ष महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 कृष्णकान्त गुप्ता थे । क्लब के संयोजक व इतिहास विभाग अध्यक्ष डॉ0 जयपाल सिंह ने बताया कि यह क्लब निरन्तर विभिन्न प्रतियोगिताओं व शैक्षणिक भ्रमण द्वारा युवा पीढ़ी को भारत की ऐतिहासिक विरासतो व भारतीय सभ्यता एवं संस्कृति का ज्ञान कराता रहता है । सभी विजेताओं को मुख्य अतिथि आनन्द मेहता जी ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया । उन्होंने सांन्तवना पुरस्कार भी दिए और बताया कि ऐसे कार्यक्रमों के आयोजन से विद्यार्थियों को अपनी कला, संस्कृति, इतिहास एवं सांस्कृतिक धरोहर के बारे में जानकारी मिलती है. महाविद्यालय के प्राचार्य ने सभी विजेताओं को बधाई देते हुए परीक्षा में सफलता के लिए शुभकामनाएं दी । श्रीमती विनीता शर्मा प्रवक्ता इतिहास विभाग ने मुख्य अतिथि, प्राचार्य व अन्य उपस्थित सभी का धन्यवाद किया ।